AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

विकास | लखनऊ विश्वविद्यालय में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ओरिएंटेशन का आयोजन

भारत के विकास में यूपी लिख रहा नई कहानी

लविवि में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ आयोजन। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि में सोमवार को एक दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. अनीता भटनागर जैन ने बताया कि भारत के विकास में उत्तर प्रदेश एक नई कहानी लिख रहा है। अब ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का सपना साकार होगा।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि युवाओं की क्षमता का सही दिशा में उपयोग हो, यही प्रयास है। इसके लिए आधुनिक तकनीक, स्किल आधारित शिक्षा, इनोवेशन, इंक्यूबेशन आदि पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए गए हैं।

बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव विजय किरण आनंद ने बताया कि देश की प्रगति का मार्ग उत्तर प्रदेश से ही जाता है। इस दौरान कुलसचिव संजय मेधावी, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन, डॉ. अमृतांशु शुक्ल, प्रो. गुरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

वीसी केयर फंड में दिए 51 हजार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने सोमवार को लखनऊ विवि वीसी केयर फंड में 51 हजार रुपये की धनराशि दान की। परिषद अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को 51 हजार का चेक दिया। डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कुलपति वीसी केयर फंड के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसमें कोई भी भारतीय नागरिक, एनआरआई, ओसीआई व संस्थाएं सहयोग दे सकती हैं। परिषद महासचिव डॉ. अरुण कुमार द्विवेदी ने लोगों से वीसी केयर फंड में दान करने की अपील की है। इस दौरान डॉ. अरुण यादव संपादक, डॉ. अशोक द्विवेदी, डॉ. लालकृष्ण मिश्र, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. रमापति पाठक, डॉ. अरुण मौर्या आदि मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : 8.75 लाख के पैकेज पर नौ छात्र-छात्राओं का चयन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के नौ छात्र-छात्राओं का चयन सोमवार को पांच कंपनियों में हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि यूनिकॉर्प में बीटेक के छात्र उज्ज्वल सिंह का चयन यूएस रिक्रूटर के पद पर 8.75 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है।

वहीं, रियल्टी स्मार्टज कंपनी में बीटेक की दो छात्राओं आकांक्षा वर्मा, अनन्या व एक छात्र रजनीश कुमार का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर पांच लाख सालाना पर हुआ है। क्रेटा क्लास कंपनी में बीटेक छात्रा अदिति बिस्वाल का चयन एकेडमिक मेंटोर के पद पर 5.04 लाख रुपये सालाना, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन में बीटेक के तीन छात्रों अमृतांशु, पुष्पेंद्र कुमार और विजय सिंह का चयन बिजनेस डवलपमेंट एसोसिएट के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है।

67 को मिले नियुक्ति पत्र

लखनऊ। अलीगंज स्थित राजकीय आईटीआई में सोमवार को रोजगार मेले में 67 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे गए। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि मेले का शुभारंभ नोडल प्रधानाचार्य आरएन त्रिपाठी ने किया। 15 फरवरी को गुजरात स्थित सुजुकी मोटर्स परिसर में कैंपस ड्राइव चलाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी इसमें शामिल हो सकते हैं। (संवाद)

वहीं विप्रो में बीसीए की छात्रा श्रेया मौर्या का चयन स्कॉलर ट्रेनी के पद पर 2.76 लाख रुपये सालाना पर हुआ है।

लविवि : यूथ फेस्ट में संबद्ध कॉलेजों को जोड़ने के लिए ऑनलाइन बैठक

लखनऊ। लविवि के यूथ फेस्ट में सभी संबद्ध महाविद्यालयों को जोड़ने के लिए सोमवार को ऑनलाइन मीटिंग हुई। निदेशिका सांस्कृतिकी प्रो. मधुरिमा लाल ने 545 महाविद्यालयों में 30 प्रतिनिधियों का चयन किया। मंगलवार को इनके साथ बैठक कर यूथ फेस्ट की रणनीति तैयार की जाएगी। डॉ. मधुरिमा लाल ने बताया कि पहली बार सांस्कृतिकी के तहत सभी महाविद्यालयों के बीच में एक यूथ मीट का आयोजन होगा। इसमें लखनऊ से बाहर के जिलों हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के सभी कॉलेज शामिल होंगे। इस मीटिंग में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोपूनम टंडन, महाविद्यालयों के प्राचार्य, सांस्कृतिकी सदस्य डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE I & III

उत्तर प्रदेश देश का नया ग्रोथ इंजन बना : डा. अनीता भटनागर जैन

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ओरिएंटेशन प्रोग्राम विश्वविद्यालय के राधा कमल मुखर्जी सभागार में हुआ। इसमें वक्ताओं ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का नया ग्रोथ इंजन बना है। ग्लोबल समिट से प्रदेश में संभावनाओं के द्वार खुले हैं।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी डा .अनीता भटनागर जैन ने निवेश मित्र, निवेश सारथी के साथ ही सरकार की स्वरोजगार की योजनाओं की चर्चा की। कहा कि प्रदेश के पास इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में रेल नेटवर्क, एक्सप्रेस वे और सबसे अधिक संख्या में हवाई अड्डे हैं। जो उत्तर प्रदेश के ट्रिलियन डालर इकोनामी के सपने को साकार करेंगे। इसके लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन 10 से 12 फरवरी को लखनऊ में किया जा रहा है। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव विजय किरण आनंद, डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव संजय मेधावी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव डा. अनीता भटनागर जैन

उप्र भूगोल परिषद ने वीसी केयर फंड में दिए 51 हजार रुपये

उप्र भूगोल परिषद के पदाधिकारियों ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को वीसी केयर फंड में 51 हजार रुपये का चेक सौंपा। ● संजीवन ते लव

जासं, लखनऊ : उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद के पदाधिकारियों ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी केयर फंड में 51000 रुपये का दान दिया। विश्वविद्यालय के मंथन हाल में उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद् अध्यक्ष एवं नेशनल पीजी कालेज के भूगोल विभाग के हेड डा. पवन कुमार सिंह ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को इसका चेक सौंपा।

इस अवसर पर कुलपति ने वीसी केयर फंड के गठन के उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से अधिप्रेरित वीसी केयर फंड हमारी संकल्पना है। इसके तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को को आर्थिक सहायता दी जाती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में वीसी केयर फंड के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। वीसी केयर फंड में कोई भी भारतीय नागरिक, एनआरआइ, संस्थाएं अपना आर्थिक योगदान दे सकती हैं। परिषद के महासचिव डा. अरुण कुमार द्विवेदी ने सभी नागरिकों एवं संस्थाओं से आग्रह किया कि देश के भावी कर्णधार जरूरतमंद युवाओं के उच्च शिक्षा के लिए वीसी केयर फंड में दान देकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें। इस अवसर पर डा. अरुण कुमार यादव, सचिवालय के समीक्षा अधिकारी डा. अशोक द्विवेदी, डा. लाल कृष्ण मिश्र एवं डा. अनूप सिंह, जय दुर्गेश, डा. रमापति पाठक, डा. अरुण कुमार मौर्या उपस्थित रहे।

चार साल के स्नातक के बाद पीएचडी में सीधे प्रवेश

अप्रिल सक्सेना ● लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्र-छात्राएं सीधे पीएचडी में प्रवेश ले सकेंगे। बशर्ते उनके स्नातक में 75 फीसद से कम अंक न हों। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय अपने पीएचडी अध्यादेश में संशोधन कर इसे लागू करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से बीते दिनों जारी पीएचडी अध्यादेश में यह प्रविधान किया गया है। अब राजभवन ने भी लवि व अन्य राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र जारी कर इसे अपने यहां लागू करने के लिए कहा है।

लवि यूजीसी की ओर से जारी पीएचडी अध्यादेश के बाद करेगा प्रविधान, राजभवन ने जारी किया राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र

राजभवन की ओर से यूजीसी के पीएचडी अध्यादेश में किए गए बदलाव को विश्वविद्यालय में लागू करने के लिए पत्र आया है। पीएचडी अध्यादेश में संशोधन के लिए जल्द ही कमेटी बनाकर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

-संजय मेधावी, कुलसचिव, लवि

अभी तक लवि में पीएचडी दाखिले के लिए परास्नातक में 55 फीसद अंक का मानक है। एससी, एसटी व ओबीसी के लिए पांच फीसद अंकों की छूट है। यूजीसी ने एनईपी के तहत इसमें बदलाव कर दिया है। लवि की डीन एकेडमिक प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि चार वर्षीय स्नातक करने के बाद विद्यार्थी सीधे पीएचडी में प्रवेश लेने पर एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग को पांच फीसद अंकों की छूट दी जाएगी। यदि 75 फीसद से कम नंबर होंगे तो चार साल वाले स्नातक विद्यार्थी को यूजी के बाद एक साल का पीजी करना होगा, फिर पीएचडी में प्रवेश मिलेगा। पीएचडी पूरी करने के लिए कम से कम तीन साल और अधिकतम छह साल का समय दिया जाएगा।

यूजीसी के आनलाइन कोर्स वर्क की सुविधा

यूजीसी ने अपनी वेबसाइट पर आनलाइन कोर्स वर्क पीएच.डी. के लिए माइयूल भी उपलब्ध कराए हैं। शोधार्थी इनके माध्यम से भी कोर्स वर्क को लेकर अपने 12 क्रेडिट पूरा कर सकेंगे। कोर्स वर्क में रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स का नया पेपर भी शामिल किया गया है। वहीं, थीसिस का मूल्यांकन के लिए दो बाह्य परीक्षकों में से एक भारत के बाहर का होने सहित कई प्रविधान किया गया है।

PIONEER PAGE 3

यूपी देश का नया ग्रोथ इंजन: डॉ. अनीता भटनागर

● लविवि में समिट को लेकर एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एक दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 ओरियंटेशन प्रोग्राम लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रदेश की जनांकिकीय लाभांश उत्तर प्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने का मुख्य कारक है। कौशल-कुशल युवा ही आत्मनिर्भरता की संकल्पना को गति देंगे।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ अनीता भटनागर जैन ने कहा कि सपने देखें और सपनों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करें। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं पर बोलते हुए कहा कि हमारी प्रतिस्पर्धा अपने आप से है, क्योंकि हमारा नियंत्रण अपने आप पर है। जो भी करें उसमें अपना बेस्ट दें। डॉक्टर जैन ने इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटी डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश पर बोलते हुए कहा कि भारत के विकास में उत्तर प्रदेश एक नई कहानी लिख रहा है। तीव्र गति से चलने वाली ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के लिए एक्सप्रेस वे और रेल परिवहन है। अब समय उत्तर प्रदेश का है जो ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का सपना साकार करेगा। इसी लिए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन 10 से 12 फरवरी को लखनऊ में किया गया है। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव विजय किरण आनंद ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में वीसी केयर फंड के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। वीसी केयर फंड में कोई भी भारतीय नागरिक, एनआरआइ, संस्थाएं अपना आर्थिक योगदान दे सकती हैं। परिषद के महासचिव डा. अरुण कुमार द्विवेदी ने सभी नागरिकों एवं संस्थाओं से आग्रह किया कि देश के भावी कर्णधार जरूरतमंद युवाओं के उच्च शिक्षा के लिए वीसी केयर फंड में दान देकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें। इस अवसर पर डा. अरुण कुमार यादव, सचिवालय के समीक्षा अधिकारी डा. अशोक द्विवेदी, डा. लाल कृष्ण मिश्र एवं डा. अनूप सिंह, जय दुर्गेश, डा. रमापति पाठक, डा. अरुण कुमार मौर्या उपस्थित रहे।

एलयू इंजीनियरिंग संकाय के 9 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 9 छात्रों का 5 कम्पनियों यूनिकॉर्प, रियल्टी स्मार्टज, क्रेटा क्लास, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन और विप्रो में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डा हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि यूनिकॉर्प में बीटेक के छात्र उज्जवल सिंह का चयन यूएस रिक्रूटर के पद पर 8.75 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, रियल्टी स्मार्टज कंपनी में बीटेक के 3 छात्रों आकांक्षा वर्मा, अनन्या, रजनीश कुमार का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम 5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, क्रेटा क्लास कंपनी में बीटेक छात्रा अदिति बिस्वाल का चयन एकेडमिक मेंटोर के पद पर 5.04 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन में बीटेक के 3 छात्रों अमृतांशु, पुष्पेंद्र कुमार, विजय सिंह का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा विप्रो में बीसीए की छात्रा श्रेया मौर्या का चयन स्कॉलर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 2.76 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है।

वीसी केयर फंड में दिया 51000 रुपए का योगदान: उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय वीसी केयर फंड में 51000 रुपए की धनराशि प्रदान की। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रयास है कि विद्यार्थियों की प्रतिभा-क्षमता निखार कर सुयोग्य नागरिकों का निर्माण करें। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों की प्रतिभा-क्षमता निखार कर सुयोग्य नागरिकों का निर्माण करें। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने कहा कि युवा जॉब सिकर्स ही नहीं जॉब प्रोवाइडर बने। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो अनूप कुमार भारतीय, प्रो गुरनाम सिंह, डॉ अमृतांशु शुक्ल, डॉ अलका मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विभन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र के सहायक आचार्य डा हरनाम सिंह ने किया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

देश का नया ग्रोथ इंजन बना उत्तर प्रदेश

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सोमवार को एक दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी सभागार में किया गया।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डा. अनीता भटनागर जैन ने कहा कि सपने देखे और सपनों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करें। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिस्पर्धा अपने आप से है, क्योंकि हमारा नियंत्रण अपने आप पर है, जो भी करें उसमें अपना बेस्ट दें। निवेश मित्र, निवेश सारथी के साथ ही सरकार द्वारा विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं जैसे यूपी टैक्सटाइल एंड गारमेंट पॉलिसी, ओडीओपी कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पंडित दीनदयाल ग्रामोदय रोजगार योजना, स्किल डेवलपमेंट एंड टूल किट वितरण योजना, मार्जिन मनी योजना, मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंट योजना आदि का विस्तृत वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का नया ग्रोथ इंजन बना है। डा. जैन ने इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटी डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश पर बोलते हुए कहा कि भारत के विकास में उत्तर प्रदेश एक नई कहानी लिख रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं जैसे यूपी टैक्सटाइल एंड गारमेंट पॉलिसी, ओडीओपी कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पंडित दीनदयाल ग्रामोदय रोजगार योजना, स्किल डेवलपमेंट एंड टूल किट वितरण योजना, मार्जिन मनी योजना, मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंट योजना आदि का विस्तृत वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का नया ग्रोथ इंजन बना है। डा. जैन ने इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटी डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश पर बोलते हुए कहा कि भारत के विकास में उत्तर प्रदेश एक नई कहानी लिख रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं पर बोलते हुए कहा कि हमारी प्रतिस्पर्धा अपने आप से है, क्योंकि हमारा नियंत्रण अपने आप पर है। जो भी करें उसमें अपना बेस्ट दें। निवेश मित्र, निवेश सारथी के साथ ही सरकार द्वारा विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं जैसे यूपी टैक्सटाइल एंड गारमेंट पॉलिसी, ओडीओपी कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पंडित दीनदयाल ग्रामोदय रोजगार योजना, स्किल डेवलपमेंट एंड टूल किट वितरण योजना, मार्जिन मनी योजना, मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंट योजना आदि का विस्तृत वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का नया ग्रोथ इंजन बना है। डा. जैन ने इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटी डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश पर बोलते हुए कहा कि भारत के विकास में उत्तर प्रदेश एक नई कहानी लिख रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं पर बोलते हुए कहा कि हमारी प्रतिस्पर्धा अपने आप से है, क्योंकि हमारा नियंत्रण अपने आप पर है। जो भी करें उसमें अपना बेस्ट दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि कुशल युवा ही आत्मनिर्भरता की संकल्पना को गति देंगे। प्रयास है कि युवाओं की प्रतिभा क्षमता निखार कर समाज के लिए योग्य नागरिकों का निर्माण हो जो आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करें।

इस दौरान बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव विजय किरण आनंद ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि देश की प्रगति का मार्ग उत्तर प्रदेश से होकर जाता है।

● यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

VoL PAGE 6

लविवि के नौ छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के नौ छात्रों का पांच कम्पनियों यूनिकॉर्प, रियल्टी स्मार्टज, क्रेटा क्लास, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन और विप्रो में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि यूनिकॉर्प में बीटेक के छात्र उज्जवल सिंह का चयन यूएस रिक्रूटर के पद पर 8.75 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, रियल्टी स्मार्टज कंपनी में बीटेक के तीन छात्रों आकांक्षा वर्मा, अनन्या, रजनीश कुमार का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, क्रेटा क्लास कंपनी में बीटेक छात्रा अदिति बिस्वाल का चयन एकेडमिक मेंटोर के पद पर 5.04 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन में बीटेक के तीन छात्रों अमृतांशु, पुष्पेंद्र कुमार, विजय सिंह का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा विप्रो में बीसीए की छात्रा श्रेया मौर्या का चयन स्कॉलर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 2.76 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रो. एके सिंह और प्रो. मधुरिमा लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

यूपी भूगोल परिषद ने वीसी केयर फंड में दिया 51 हजार का योगदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने लखनऊ विश्वविद्यालय वीसी केयर फंड में 51 हजार रुपये की धनराशि दी। विश्वविद्यालय के मंथन हाल में उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को चेक दिया। इस अवसर पर कुलपति ने वीसी केयर फंड के गठन के उद्देश्य बताते हुए कहा कि इससे विश्वविद्यालय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जाती है।

इस अवसर पर परिषद महासचिव डॉ अरुण कुमार द्विवेदी ने सभी संवेदनशील नागरिकों एवं संस्थाओं से आग्रह किया कि देश के भावी कर्णधार जरूरतमंद युवाओं के उच्च शिक्षा के लिए वीसी केयर फंड में दान देकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें।

AMRIT VICHAR PAGE 4

कौशल कुशल युवा आत्मनिर्भरता की संकल्पना को देंगे गति : राय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एक दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 ओरियंटेशन प्रोग्राम लखनऊ विश्वविद्यालय के राधाकमल मुखर्जी सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रदेश की जनांकिकीय लाभांश उत्तर प्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने का मुख्य कारक है। कौशल- कुशल युवा ही आत्मनिर्भरता की संकल्पना को गति देंगे। इलेक्ट्रॉनिक, टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल और फार्मा पार्क के माध्यम से यहां अपार संभावनाएं है। युवाओं की क्षमता का सही दिशा में उपयोग हो यही हमारा प्रयास है। युवा अपनी क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करें। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी, स्किल आधारित शिक्षा, इनोवेशन, इनक्यूबेशन, स्टार्टअप जैसे नवीनतम प्रविधियां पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं। प्रयास है युवाओं की प्रतिभा क्षमता निखार कर समाज के लिए योग्य नागरिकों का निर्माण हो जो आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करें।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ सेवानिवृत्त आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रदेश की जनांकिकीय लाभांश उत्तर प्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने का मुख्य कारक है। कौशल- कुशल युवा ही आत्मनिर्भरता की संकल्पना को गति देंगे। इलेक्ट्रॉनिक, टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल और फार्मा पार्क के माध्यम से यहां अपार संभावनाएं है। युवा अपनी क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करें। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी, स्किल आधारित शिक्षा, इनोवेशन, इनक्यूबेशन, स्टार्टअप जैसे नवीनतम प्रविधियां पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं। प्रयास है युवाओं की प्रतिभा क्षमता निखार कर समाज के लिए योग्य नागरिकों का निर्माण हो जो आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करें।

लविवि के नौ छात्रों को मिली नौकरी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 9 छात्रों का पांच कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि यूनिकॉर्प में बीटेक के छात्र उज्जवल सिंह का चयन यूएस रिक्रूटर के पद पर 8 .75 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। वहीं, रियल्टी स्मार्टज कंपनी में बीटेक के तीन विद्यार्थी आकांक्षा वर्मा, अनन्या, रजनीश कुमार का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर किया गया है। क्रेटा क्लास कंपनी में बीटेक छात्रा अदिति बिस्वाल का चयन एकेडमिक मेंटोर के पद पर 5 .04 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन में बीटेक के तीन छात्रों अमृतांशु, पुष्पेंद्र कुमार, विजय सिंह का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 4 .5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा विप्रो में बीसीए की छात्रा श्रेया मौर्या का चयन स्कॉलर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 2.76 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

यूपी भूगोल परिषद ने वीसी केयर फंड में दिए 51 हजार

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ। उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने लखनऊ विश्वविद्यालय वीसी

केयर फंड में 51 हज़ार की धनराशि प्रदान की। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को 51 हज़ार का चेक प्रदान किया । इस अवसर पर उ. प्र.विधानसभा सचिवालय के संपादक डॉ. अरुण कुमार यादव ,सचिवालय प्रशासन, उत्तर प्रदेश शासन के समीक्षा अधिकारी डॉ. अशोक द्विवेदी, लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. लाल कृष्ण मिश्र एवं डॉ. अनूप सिंह ,कमला नेहरू पीजी कॉलेज रायबरेली के जय दुर्गेश, बाबू भीषम सिंह उच्च शिक्षण संस्थान रायबरेली के डॉ. रमापति पाठक और सी.एस.एन.कॉलेज, हरदोई के डॉ. अरुण कुमार मौर्या उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग संकाय के 9 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 9 छात्रों का 05 कम्पनियों यूनिकॉर्प, रियल्टी स्मार्टज़, क्रेटा क्लास, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन और विप्रो में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि यूनिकॉर्प में बीटेक के छात्र उज्जवल सिंह का चयन यूएस रिक्रूटर के पद पर 8.75 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, रियल्टी स्मार्टज़ कंपनी में बी.टेक के 03 छात्रों आकांक्षा वर्मा, अनन्या, रजनीश कुमार का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम 5.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, क्रेटा क्लास कंपनी में बीटेक छात्रा अदिति बिस्वाल का चयन एकेडमिक मेंटोर के पद पर 5.04 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन में बीटेक के 03 छात्रों अमृतांशु, पुष्पेंद्र कुमार, विजय सिंह का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा विप्रो में बीसीए की छात्रा श्रेया मौर्या का चयन विप्रो में स्कॉलर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 2.76 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रो. ए. के. सिंह एवं प्रो. मधुरिमा लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2 & 4

विकास की नई कहानी गढ़ रहा यूपी

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग